प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा)
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग
प्रयागराज।

सेवा में,

1—कुलसचिव
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

2— समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
उत्तर प्रदेश।

3—समस्त प्राचार्य /प्राचार्या राजकीय /अशासकीय सहायता प्राप्त/स्ववित्तपोषित
महाविद्यालय उत्तर प्रदेश।

पत्रांक: डिग्री विकास/ 134978 / 2021—22 दिनांक : 17/11/2021

विषयः—प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को 11.00 बजे से 12.00 बजे तक साइबर जागरूकता दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या—2582/सत्तर—3—2021 दिनांक 26 अक्टूबर 2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, "जो प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को 11.00 बजे से 12.00 बजे तक साइबर जागरूकता दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में है।

उक्त के संबंध में निर्दिष्ट किया जाता है कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार के संलग्न पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुरूप प्रदेश स्थित महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं निजी विश्वविद्यालयों में निर्धारित समयानुसार साइबर जागरूकता दिवस मनाते हुए संस्थाओं में वर्कशाप सेमिनार, पोस्टर बनाना/स्लोगन राइटिंग लघु कथाओं का आयोजन कराना सुनिश्चित करें। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी इस संबंध में वार्षिक योजना तैयार करते हुए उल्लिखित ई—मेल पर एवं इस कार्यालय के ई—मेल dhedegreevikas@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक—यथोक्त।

भवदीय

डॉ० (जय सिंह)
सहायक निदेशक (उच्च शिक्षा)
कृते शिक्षा निदेशक (उ०शि०),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृष्ठांकन सं०—डिग्री विकास/ 134978-79 /उसी तिथि को

प्रतिलिपि—अनु सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग—3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

17.11.21

डॉ० (जय सिंह)
सहायक निदेशक (उच्च शिक्षा)
कृते शिक्षा निदेशक (उ०शि०),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संदर्भ संख्या : AF|19787—800 /पी.ए./2021

दिनांक : 18|11|2021

समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी/समन्वयक,
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

**विषय : प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को 11:00 बजे से 12:00 तक साइबर जागरूकता दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा), शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज के उपरोक्त पत्र संख्या : डिग्री विकास/134978/2021—22, दिनांक 17.11.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा विश्वविद्यालय, निजी विश्वविद्यालयों एवं समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों में **निर्धारित समयानुसार साइबर जागरूकता दिवस मनाते हुए संस्थाओं में वर्कशाप सेमिनार, पोस्टर बनाना/स्लोगन राइटिंग लघु कथाओं का आयोजन कराना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।** अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने एवं दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

(डॉ० विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. सचिव कुलपति को मा० कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. इंचार्ज, वेबसाईट, ल०वि०वि० को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों (लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई एवं लखीमपुर खीरी) को प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर—एम, आशियाना, लखनऊ।
4. प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सहयुक्त महाविद्यालय, (लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई एवं लखीमपुर खीरी) को अनुपालनार्थ।

कुलसचिव